संपादकीय

लोकलुभावन बजट

चुनावी वर्ष का मतलब ही होता है लोकलुभावन बजट। पंजाब का जो बजट सोमवार को वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने प्रस्तुत किया, वह कोई अपवाद नहीं है। लोकसभा चुनाव में सिर्फ 2 महीने बाकी हैं इसलिए उन्होंने मतदाताओं पर कोई नया कर नहीं लगाया। काफी लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस सरकार में पेट्रोलियम उत्पादों पर वैट का रेट कम करके उनका मूल्य पड़ोसी राज्यों के आसपास किया। पेट्रोल और डीजल के दाम कम होने से न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिली है बल्कि उन पेट्रोल पंप मालिकों को भी काफी राहत मिली जो पड़ोसी राज्यों में पेट्रोलियम पदार्थों का दाम कम होने से काफी घाटा उठा रहे थे। किसान हितैषी वादों ने कांग्रेस को हिंदीभाषी प्रदेशों जैसे कि राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश में पिछले वर्ष जीत दिलाई। कांग्रेस पार्टी ने 2017 में पंजाब में भी वादा किया था, वे किसानों के कर्ज माफ कर देंगे। 2019-20 के बजट में 3 हज़ार करोड़ का फंड भूमिहीन किसानों, मजदूरों और उनके परिवारों के सहयोग के लिए आवंटित किया गया है। दरअसल, यह निर्णय शिरोमणि अकाली दल से वोट बैंक को छीनने के प्रयास में किया गया है। शिरोमणि अकाली दल के बड़े नेताओं ने अभी हाल ही में एक विरोध मार्च किसानों के परिवारों के साथ किया था। कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार ने इस बजट के द्वारा विरोधी पार्टियों से अपने वोटरों का दिल फिर से जीतने का प्रयास किया है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा विभागों के साथ ही ग्रामीण और शहरी विकास के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा धन का आवंटन स्वागत योग्य कदम है। परंतु लगभग 10 हज़ार करोड़ रुपये की बिजली बिल की माफी किसानों और उद्योगों को दिया जानी बहुत समझदारी का कदम नहीं है। वैसे भी इस समय राज्य का कर्ज 17000 करोड़ है। सरकार अपनी आर्थिक स्थिति के लिए पूर्व सरकार को आरोपित नहीं कर सकती। सरकार को चाहिए कि जो भी उसके संसाधन हैं उनको समुचित व व्यावहारिक तरीके से खर्च करे और अन्य साधनों पर कर लगाकर आर्थिक संकट से प्रदेश को उबारे।

फर्जी जीएसटी बिल से 110 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट ले लिया

मुंबई (आरएनएस)। सेंट्रल जीएसटी और सेंट्रल एक्साइज कमिश्नरेट की रायगढ़ विंग ने सैकड़ों करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का पता लगाया है। सूत्रों ने बताया कि 650 करोड़ रुपये के गुड्स सप्लाई करने और करीब 110 करोड़ रुपये के जीएसटी पेमेंट के फर्जी बिल कथित तौर पर आरोपी कंपनियों के फेवर में बनाए गए थे। उन्होंने बताया कि इन फर्जी खरीदारियों के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने के इरादे से यह काम किया गया था।

एक आरोपी आनंद मंगल को अरेस्ट कर लिया गया और पनवेल की एक कोर्ट ने उसे 8 मार्च तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं, एक अन्य आरोपी राकेश एच. गर्ग फरार है। गर्ग बेसिक ऑयरन और स्टील बनाने वाली नवी मुंबई की कंपनी सूर्या फेरस अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। टैक्स अधिकारियों ने 17 करोड़ रुपये कैश रिकवर किए हैं। सीजीएसटी, रायगढ़ के कमिश्नर श्रवण कुमार ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की। उन्होंने बताया, दोनों पर सीजीएसटी एक्ट के सेक्शन 132 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मंगल को अरेस्ट कर लिया गया है। गर्ग फरार है। सीजीएसटी का सेक्शन 132 सीजीएसटी के विभिन्न उल्लंघनों में सजा के प्रावधान से जुड़ा है।

सूत्रों ने बताया कि मेसर्स मोक्ष अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स लतिशा सेल्स एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स क्युमोंग इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स आहन इस्पात प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स तिलीबंध सेल्स एजेंसीज जैसे नामों से कई यूनिट्स खोलकर कथित फर्जी बिल जारी किए गए।

24,000 करोड़ के स्नैक्स मार्केट में ब्रिटानिया करेगी एंट्री

मुंबई (आरएनएस)। ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज 24 हजार करोड़ के साल्टी स्नैक्स मार्केट में एंट्री की योजना बना रही है, जिस पर अभी पेप्सिको और हल्दीराम का दबदबा है। देश की सबसे बड़ी बिस्किट कंपनी टाइम पास ब्रांड के तहत अगले महीने स्नैक्स लॉन्च करेगी। नॉन-बिस्किट कैटेगरी में प्रवेश करने की योजना के तहत ब्रिटानिया ने यह पहल की है।

कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण बेरी ने कहा, हम बिल्कुल अलग प्रॉडक्ट्स की रेंज उतारने जा रहे हैं। हमारे पास 80 प्लांट्स हैं, जहां कंपनी प्रॉडक्ट्स तैयार करती है। स्नैक्स सेगमेंट में सामान लाने पर काफी पैसा खर्च होता है, लेकिन हमारे पास देशभर में प्लांट्स हैं, इसलिए हम कम लागत में स्नैक्स को कहीं भी पहुंचा सकेंगे। बेरी ने प्रॉडक्ट्स की रेंज और वेरिएंट्स का ब्योरा नहीं दिया।

भारत में बिस्किट, स्नैक्स और डेयरी तीन सबसे बड़े सेगमेंट हैं। 3.4 लाख करोड़ के कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स मार्केट में इनकी हिस्सेदारी एक तिहाई है।

अपने घर का सपना देखने वालों को बड़ी राहत, जीएसटी दर घटी

नई दिल्ली (आरएनएस)। जीएसटी परिषद की आज 34वीं बैठक हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने बैठक के फैसलों के बारे में बताया कि घरों पर लगने वाले गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में बड़ी कटौती की गई है। निर्माणाधीन परियोजनाओं में मकानों पर जीएसटी की दर को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 फीसदी किया गया है वहीं किफायती मकानों (अफ़ोर्डबल हाउजिंग) पर जीएसटी की दर को 8 प्रतिशत से घटाकर महज 1 फीसदी कर दिया गया है।

वित्त मंत्री ने अरुण जेटली ने कहा कि हम रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ा बूम देना चाहते हैं। अफोर्डेबल हाउजिंग की परिभाषा को बदला गया है ताकि अधिक से अधिक लोग इसका फायदा उठा सकें। जीएसटी काउंसिल की बैठक के बाद वित्त मंत्री ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, मुंबई, बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में अफोर्डेबल हाउजिंग का क्राइटेरिया 60 स्क्वॉयर मीटर कार्पेट एरिया होगा, जबकि नॉन मेट्रो शहरों में 90 स्क्वॉयर मीटर तक के घर अफोर्डेबल माने जाएंगे, जिनकी अधिकतम कीमत 45 लाख रुपये होगी। नई दरें 1 अप्रैल 2019 से लागू होंगी। आरबीआई के प्रियॉरिटी सेक्टर लेंडिंग नियमों के मुताबिक ही 45 लाख रुपये तक के घर अफोर्डेबल माने जाने लगे है।

पेट्रोल, डीजल के दाम में वृद्धि 5वें दिन जारी

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में वृद्धि का सिलसिला पांचवें दिन जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल के भाव में दिल्ली और कोलकाता में 15 पैसे, जबकि मुंबई में 14 पैसे और चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की। वहीं, डीजल फिर दिल्ली और कोलकाता में 16 पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में 17 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है।

एसबीआई सेवानिवृत हो रहे 100 लोगों की जगह 75 को ही दे रहा नौकरी

मुंबई (आरएनएस)। बैंकों में प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ को देखते हुए देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने अगले पांच साल तक सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के स्थान पर केवल 75 प्रतिशत नये कर्मियों की नियुक्तियों का फैसला किया है। दूसरी ओर बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक देश में रोजगार की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसे विभिन्न पदों के लिए सबसे अच्छे उम्मीदवार मिल जा रहे हैं। रेलवे की तरह ही भारतीय स्टेट बैंक को पिछले दो साल में लिपिक के 8,000 पदों के लिए 28 लाख लोगों के आवेदन मिले। वित्त वर्ष 2018 की शुरुआत में बैंक ने सेवानिवृत्त हो रहे 12,000 लोगों की जगह केवल 10,000 लोगों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की। लिपिक के तौर पर सेवा से जुड़े करीब 80 प्रतिशत उम्मीदवार या तो एमबीए हैं या इंजीनियर। बैंक के उप प्रबंध निदेशक और कॉरपोरेट विकास अधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा, ''यह हमारे लिए बहुत अच्छा है। लिपिक के स्तर पर हमें अच्छे लोग मिल रहे हैं, जो प्रौद्योगिकी और अन्य चीजों से अच्छी तरह अवगत हैं। करियर में प्रगति भी तेजी से हो रही है, लिपिक के रूप में सेवा से जुड़ने के बाद उनमें से अधिकतर अधिकारी के रूप में प्रोन्नति के लिए आंतरिक परीक्षाओं में शामिल होंगे।''

5जी की तैयारी कर रही एयरटेल, नोकिया की प्रौद्योगिकी का दम-खम परखेगी

बार्सिलोना (आरएनएस)। फिनलैंड की दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी नोकिया ने रविवार को कहा कि भारती एयरटेल कंपनी 5जी नेटवर्क के लिए उस के दूरसंचार उपकरणों का परीक्षण करने जा रही है। नोकिया का कहना है कि उसके तकनीक समाधान से 4 जी और 5 जी, दोनों पीढ़ी की सेवाएं पेश की जा सकती हैं। नोकिया के भारतीय बाजार प्रमुख संजय मलिक ने बयान में कहा , 5 जी के लिए बेहद तेज स्पीड सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क तंत्र का आधुनिकीकरण महत्वपूर्ण है। हम भारती एयरटेल के साथ इसका परीक्षण करने पर विचार कर रहे हैं , जो कि 5 जी प्रौद्योगिकी के लिए नेटवर्क तैयार करने में महत्वपूर्ण कदम है।

आज का राशिफल

मेषः- आज आपके ऊपर गणेशजी का आशीर्वाद रहेगा। इसलिए आप दिनभर मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखी रहेगा। साथ में प्रवास का और सुरुचिपूर्ण भोजन का भी योग है।

वृषभः- आज दिनभर मन आनंदित रहेगा। अपने कार्य में व्यवस्थित रूप से आप आगे बढ़ पाएंगे। योजना के अनुसार अपूर्ण कार्यों को सफलतापूर्वक पूर्ण कर पाएंगे। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग अच्छा मिलेगा।

मिथुनः- आज का दिन मध्यम रहेगा। नए कार्य का प्रारंभ न करने की गणेशजी की सलाह है। जीवनसाथी और संतान के विषय में चिंता रह सकती है, जिसके कारण मन में उद्वेग बना रहेगा।

कर्कः- आज मन को शांत रखना जरूरी है। शारीरिक स्फूर्ति और मानसिक प्रसन्नता बनाए रखें। छाती में पीड़ा अथवा अन्य विकार से भी कष्ट की अनुभूति हो सकती है।

सिंहः- कार्य सफलता और प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलने से आपके मन में प्रसन्नता छाई रहेगी। भाई-बहनों के साथ संबंधों में मिठास भी बनी रहेगी। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ किसी रमणीय पर्यटनस्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकते हैं।

कन्याः- आपके लिए आज का दिन शुभ रहेगा। वाणी की मधुरता से दूसरे लोगों के मन पर आप अपनी सकारात्मक छाप छोड़ सकेंगे। पारिवारिक वातावरण भी अच्छा रहेगा।

तुलाः- आपके प्रत्येक कार्य में आत्मविश्वास छलकता हुआ दिखेगा, ऐसे गणेशजी के आशीर्वाद हैं। आर्थिक योजनाएं भी सरलतापूर्वक बना सकेगें। शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा।

वृश्चिकः- आज मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च हो सकता है। सगे-संबंधियों के साथ गलतफहमी या अनबन हो सकती है। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रह सकती है।

धनुः- आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के साथ सुख-संतोष की भावना अनुभव करेंगे। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ मिलेगा।

मकरः- परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद के साथ-साथ संतोष का भी अनुभव होगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ हुई भेंट से आपका मन प्रसन्न हो उठेगा। बिजनस में मनी कलेक्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है, जो कि लाभप्रद रहेगा।

कुंभः- प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद न करने की सलाह गणेशजी देते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव हो सकता है। शिथिलता और आलस्य बना रह सकता है, फिर भी मानसिकरूप से प्रसन्नता बनी रहेगी।

मीनः- आज अनैतिक कार्य में न पड़ें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतना जरुरी है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतें। किसी भी ऐसे कार्य से बचें जो गैरकानूनी हो। स्वास्थ्य के पीछे धन खर्च होने की संभावना है।

पहले टी20 में जीतते-जीतते हार गया भारत

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी गेंद तक खिंचे कम स्कोर वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां भारत पर तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। इसके साथ ही उसने दो मैचों की सीरीज में शुरुआती बढ़त बना ली है। भारत ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (36 गेंदों पर 50 रन) के अर्धशतक से पहले 9 ओवरों में 76 रन जुटाए, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी (37 गेंदों पर नाबाद 29) की मौजूदगी के बावजूद वह आखिरी के 11 ओवरों में केवल 50 रन ही बना सका।

इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने उसे 7 विकेट पर 126 रन पर रोक दिया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ग्लेन मैक्सवेल (43 गेंद पर 56) और डार्सी शॉर्ट (37 गेंद पर 37) के बीच तीसरे विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी से एक समय आसान जीत की तरफ से बढ़ रहा था, लेकिन भारत ने शानदार वापसी की। इसका श्रेय जसप्रीत बुमराह (16 रन देकर तीन विकेट) को जाता है।

यूं रोमांचक हुआ मैच

मैक्सवेल के आउट होने के बाद शॉर्ट और एश्टन टर्नर के आउट होने से मैच अचानक रोमांचक बन गया। मार्कंडेय ने दबाव में अच्छी गेंदबाजी करके 18वें ओवर में केवल पांच रन दिए। ऑस्ट्रेलिया को दो ओवरों में 16 रन की दरकार थी। बुमराह ने 19वें ओवर में केवल दो रन दिए तथा पीटर हैंडसकॉम्ब (15 गेंद पर 13) और नाथन कूल्टर नाइल (चार) को आउट करके भारतीय खेमे में उम्मीद जगा दी, लेकिन उमेश आखिरी ओवर में 14 रन लुटा गए।

उनकी शानदार गेंदबाजी के कारण ही एक वक्त मजबूत दिख रही ऑस्ट्रेलिया के सामने अंतिम छह गेंदों पर 14 रन बनाने का मुश्किल लक्ष्य आ गया। उमेश यादव आखिरी ओवर करने आए। उनके सामने ऑस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाज जे. रिचर्डसन (नाबाद 7) और पैट कमिंस (नाबाद 7) थे। इन दोनों ने उमेश पर एक एक चौका लगाया। कमिंस ने 5वीं गेंद चार रन के लिए भेजी और अंतिम गेंद पर दो रन लेकर टीम का स्कोर 7 विकेट पर 127 रन पर पहुंचा दिया।

जसप्रीत बुमराह ने पूरी की विकेटों की फिफ्टी, बना रेकॉर्ड

नई (आरएनएस)। 126 रनों के छोटे से लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया के लिए बेहद मुश्किल बनाने वाले जसप्रीत बुमराह ने इंटरनैशनल टी-20 में एक उपलब्धि हासिल की। विशापत्तनम क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए दो मैचों के टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में उन्होंने 4 ओवर में महज 16 रन देते हुए 3 विकेट अपनी झोली में डाले। इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय टी-20 करियर में विकेटों का पचासा भी पूरा किया। हालांकि, इस मैच में भारत को 3 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

वह ऐसा करने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं, जबकि ओवरऑल दूसरे हैं। उनसे पहले दिग्गज स्पिनर आर. अश्विन ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के नाम 46 इंटरनैशनल मैचों में कुल 52 विकेट दर्ज हैं, जबकि बुमराह के खाते में 51 विकेट हो गए हैं। बुमराह ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए 41 मैच खेले हैं।

वर्ल्ड रेकॉर्ड के बारे में कभी नहीं सोचाः सौरभ चौधरी

नई (आरएनएस)। आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में विश्व रेकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज सौरभ चौधरी ने कहा है कि उन्होंने कोई रेकॉर्ड या कोटा के बारे में नहीं सोचा था। उन्होंने कहा कि अगर वह ऐसा सोचते तो इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाते। 16 साल के सौरभ ने रविवार को न केवल नया विश्व रेकॉर्ड बनाया बल्कि उन्होंने 2020 में तोक्यो में होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए कोटा हासिल कर लिया। पहली बार सीनियर विश्व कप में भाग ले रहे सौरभ ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 245 के स्कोर के साथ नया रेकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सौरभ ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा, 'मैं सिर्फ वह करने की कोशिश कर रहा था जो मैं हमेशा करता हूं।

एग कबाब की लजीज़ रेसिपी...

एक को किसी भी तरीके से खाएं ये फायदेमंद ही होता है। तो आज हम बनाना सीखेंगे एग कबाब बनाना।

सामग्री :

आलू (उबले हुए)- 4, अंडे (उबले हुए)- 4, अंडे (फेंटे हुए)- 2, प्याज (बारीक कटा)- 1, हरी धनिया (बारीक कटी), गरम मसाला- 1 छोटा चम्मच, काली मिर्च पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच, ब्रेड क्रम्ब्स, नमक- स्वादानुसार, तलने के लिए तेल

विधि :

सबसे पहले बाउल में उबले आलू, गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, काली मिर्च पाउडर, हरी धनिया, ब्रेड क्रम्बस और नमक डालकर अच्छए से मैश कर लें।

अब आलू का ज्यादा सा मिश्रण लेकर उससे टिक्की बनाएं और इसके बीचों बीच उबला अंडा रखें।

चारों ओर से बंद करते हुए इसे कबाब का शेप दें।

मीडियम आंच में एक पैन में तेल गरम करने के लिए रख दें।

तेल गरम होने के लिए रख दें। अब कबाब को फेंटे हुए अंडे में डिप करें। ब्रेड क्रम्ब्स में लपेटते हुए दोनों तरफ सुनहरा होने तक तल लें।

तैयार है टेस्टी एग कबाब।

शब्द सामर्थ्य-89

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 88 का हल

स्वा	द		सा	म	ना		कै	दी
व		ख	ल	ना	य	क		वा
लं	प	ट		ना	क	क	ट	ना
बी		प				ड़ी		प
	अ	ट	प	टा			शा	न
स	ह		यो			र	ति	
ह	म		द	र	ब	द	र	
म	क	र		सी	ल			
त		क्षा		द	वा	खा	ना	

सू-दोकू-89

	3		7				2	1
2				9		4		
	7		1				5	
		1		5		2		7
	5				4			
		4		1		8		5
					1			
1		5		3		9		
	2		6		5		1	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.88 का हल

8	9	5	1	6	3	2	4	7
3	2	1	9	7	4	8	6	5
4	7	6	2	5	8	3	9	1
7	6	9	5	2	1	4	3	8
1	8	3	4	9	7	6	5	2
2	5	4	8	3	6	1	7	9
5	3	8	7	4	2	9	1	6
6	1	7	3	8	9	5	2	4
9	4	2	6	1	5	7	8	3